विद्या मंदिर को बैकओवर मिला।

यूटीयू : यूथ पार्लियामेंट में उठाए मुद्दे

देहरादून। वीर माधो सिंह प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूथ पार्लियामेंट जी-20 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने क्लाइमेट चेंज एण्ड नेचुरल डिजास्टर पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विवि से सम्बद्ध संस्थानों के छात्रों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र ने जी-20 के राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व किया और वैश्विक चुनौती के दुष्परिणामों एवं बचाव पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने सहमति जताई कि युवा वैश्विक चुनौती से निपटने में अहम भागीदारी निभा सकता है। कार्यक्रम में भारत के द्वारा इंटरनेशल सोलर एलायंस, लाइफ मिशन को लेकर किये जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो.सत्येन्द्र सिंह, वित नियंत्रक बीएस जंतवाल ने विचार व्यक्त किये। शिक्षक गणेश खंडूरी ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर अंशिका गोयल, डा.राहुल बहुगुणा, विजय सिंह, अनुभूति, पूजा, विकास चौहान आदि मौजूद थे।

तकनीकी विवि में जी-20 युवा संसद का आयोजन

देहरादून। वीर माधो सिंह प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को जी-20 युवा संसद आयोजित हुआ। जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदा विषय पर 20 संस्थानों के छात्रों ने विचार रखे। इस दौरान कुलसचिव प्रो. सतेंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक बीएस जंतवाल, शिक्षक अंशिका गोयल, डॉ. राहुल बहुगुणा, विजय सिंह, अनुभूति, पूजा और विकास चौहान समेत कई लोग मौजूद रहे।